हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

तापमान
अधिकतम 29.8 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

13 रक्षाबंधन पर विद्यार्थियों ने बांधी स्नेह की डोर


14 रात के अंधेरे में धरमपुरा मार्ग चौड़ीकरण के नाम से पेड़ो...


## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य विभाग की बहनों ने विधायक को बांधी राखी

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव को भाजपा कार्यालय में एनएचएम की हेल्थ केयर स्टाफ बहनों ने राखी बांधकर उनके दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना की है। हेल्थ केयर बहनों ने विधायक के समक्ष अपनी बात भी रखी।

### स्वतंत्रता दिवस पर मदिरा विक्रय के लिए शुष्क दिवस

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस के ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके तहत जिले में अवस्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें 14 अगस्त को समयावधि पश्चात बंद करने सहित 15 अगस्त को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किया गया है। उक्त आदेश के तहत सर्व संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र की सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं मद्य भण्डागार को नियत समयावधि के दौरान बंद रखे जाने सहित न तो मदिरा का विक्रय होने पावे और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार हो यह सुनिश्चित किया जाएगा।

### विधिक सहायता केन्द्र का किया गया उद्घाटन

**जगदलपुर।** नालसा वीर परिवार सहायता योजना के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में लीगल सर्विस क्लीनिक की स्थापना की दिशा में शुक्रवार को प्रधान जिला न्यायाधीश गोबिंद नारायण जांगड़े द्वारा विधिक सहायता केन्द्र का उदघाटन किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त विंग कमांडर जेपी पात्रो ने अवगत कराया कि उक्त विधिक सहायता केन्द्र के जरिए बस्तर संभाग के सभी कार्यरत सैनिक, पूर्व सैनिक, मातृ शक्ति एवं पूर्व सैनिकों के परिजन लीगल सर्विस प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर एनसीसी बटालियन जगदलपुर कर्नल बॉबी, ओआईसी ईसीएचएस जगदलपुर सेवानिवृत्त कर्नल एके कर, ईसीएचएस जगदलपुर के दंत चिकित्सक डॉ. अभिषेक सिंह पठानिया सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर के अधिकारी-कर्मचारी और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय तथा ईसीएचएस जगदलपुर के समस्त कर्मचारीगण एवं पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

### सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं का कार्यालय शुरू

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस के द्वारा कार्यालय सहायक पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं बस्तर संभाग के लिए संयुक्त जिला कार्यालय भवन जगदलपुर के द्वितीय तल में कक्ष क्रमांक एस-21, एस-24, एस-26 तथा एस-27 को आवंटित किया गया है। सहायक पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं जगदलपुर अनुपमा कुजूर ने इस बारे में बताया कि संयुक्त जिला कार्यालय भवन जगदलपुर में उक्त कक्ष आवंटित करने के फलस्वरूप अब उनका कार्यालय का सुचारू संचालन शुरू हो चुका है।

### 102 हितग्राहियों को मत्स्य बीज का वितरण



**बस्तर।** जिला एवं जनपद के प्रशासकीय मार्गदर्शन में बस्तर सेवक मंडल जगदलपुर द्वारा संचालित हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड 2.0 परियोजना के अंतर्गत मछली पालन विभाग एवं मनरेगा के साथ समन्वय कर बस्तर विकासखंड के 102 मनरेगा निर्मित डबरी, तालाब के हितग्राहियों को मछली पालन के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुल 272 किलोग्राम फिंगरलिंग मत्स्य बीज का वितरण किया गया।

# सुबह आठ बजे से बहनें बंदी भाइयों को बांधेंगी राखी, जेल प्रशासन की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाई-बहन के अटूट रिश्ते का पव रक्षाबंधन में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेण्ट्रल जेल जगदलपुर में परिरूद्ध बंदियों के कलाईयों पर बहनें रक्षासूत्र बांध सकेगी। इसके लिए केन्द्रीय जेल प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। बहनें सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक भाइयों को रक्षासूत्र बांध सकेगी।

अलग खबर

जेल मुख्यालय एवं सुधारात्मक सेवाएं छग शासन द्वारा रक्षाबंधन को देखते हुए गाइडलाइन जारी किया गया है। जेल प्रशासन परिसर के बाहर और पूर्व की तरह जेल के अंदर टेंट व बेरिकेड्स लगाया गया है ताकि रक्षाबंधन पर आने वाले बहनों को परेशानी ना हो। गौरतलब है कि केन्द्रीय जेल में इस समय लगभग 15 सौ पुरूष व 110 महिला बंदी है जिनसे राखी बंधवाने के लिए बहनें व भाइयों के पहुंचने की संभावना है। पिछले वर्ष भी सैकड़ों की संख्या में बहने व कुछ भाई भी रक्षाबंधन का पर्व मनाने सेण्ट्रल जेल पहुंचे थे। सेण्ट्रल जेल में राखी का पर्व विशेष महत्व रखता है। इस दिन जेल में सजा काट रहे बंदियों को उनकी बहनें दूरदराज से राखी लेकर आती है और भाइयों को रक्षासूत्र बांधती हैं। यह दृश्य काफी भावुक करने वाला होता है। इस साल भी सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक बहनें जेल में अपने ▶▶|शेष पेज 12 पर

## जेल परिसर में सुरक्षा के लिए अतिरिक्त फोर्स की तैनाती





### अतिरिक्त बल रहेगा तैनात

रक्षाबंधन पर्व के दौरान प्रदेश व पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी बहनें अपने भाइयों को राखी बाधंने पहुंचती है। सुरक्षा को देखते हुए गाइडलाइन के मुताबिक जेल के अंदर रूपए, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक सामान सहित अन्य ज्वलनशील सामान ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। अप्रिय स्थिति से निपटने परिसर में ही डाक्टर व दवाईयों के अलावा एम्बुलेस की भी व्यवस्था की गई है।

-राजऋषि राय
जेल अधीक्षक, सेंट्रल जेल जगदलपुर

## व्यवस्था : एक का उपचार जारी, दूसरा अस्पताल से हुआ गायब

# बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट से घायल ग्रामीणों को मेकाज किया गया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मवेशी चराने व नहाने के दौरान ग्रामीण आए थे बम की चपेट में

बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र में जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। मवेशियों को चराने व नहाने के दौरान प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने से घायल ग्रामीणों को उपचार के लिए उसूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर किया गया था। दोनों ग्रामीणों में से एक का उपचार जारी है। वहीं दूसरा मेकाज में उपचार के दौरान गायब हो गया।

गौरतलब है कि प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने की पहली घटना उसूर थाना क्षेत्र के पुजारी कांकेर की है। पुजारी कांकेर निवासी कलमू गंगा पिता कलमू देवा 50 वर्ष निवासी पुजारीकाकेंर स्कूलपारा 4 अगस्त की शाम जंगल की ओर पशुओं को चराने गया था। इस दौरान पुजारीकांकेर के जंगल-पहाड़ क्षेत्र में माओवादियों द्वारा पूर्व से लगाये गये प्रेशर आईईडी के विस्फोट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। विस्फोट में उसके पैर के तलवे में गंभीर चोटें आई थी। घायल ग्रामीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उसूर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया था, जहां उसका उपचार जारी है।



### नाला के पास आया था चपेट में

वहीं आईईडी ब्लास्ट की दूसरी घटना में घायल ग्रामीण प्रमोद ककेम 24 वर्ष निवासी ईलमिड़ी अपने रिश्तेदार के घर ग्राम गुंजेपर्ती आया हुआ था। 5 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे के आसपास नहाने के लिए वह अपने साथी नागेश के साथ नाला गया हुआ था। नहाने के दौरान माओवादियों द्वारा पूर्व से लगाये गये प्रेशर आईईडी के विस्फोट होने से ग्रामीण प्रमोद ककेम के दोनो हाथ की हथेली में गंभीर रूप चोंट आई है। इसे भी प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया था लेकिन उपचार के दौरान वह मेकाज से गायब हो गया। हालांकि उसे अधिक चोट नहीं आई थी। संभवतः इसी के चलते वह मेकाज से चला गया होगा।



### उप मुख्यमंत्री ने आईडी ब्लास्ट और भालू के हमले में घायल ग्रामीण व जवान का जाना हाल

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को सुबह मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल डिमरापाल पहुंचकर आईडी ब्लास्ट में घायल ग्रामीण तथा भालू के हमले में घायल जवान से रूबरू भेंटकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। और इन दोनों का बेहतर उपचार सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों एवं चिकित्सकों को दिए। साथ ही उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीण प्रमोद ककेम तथा जवान बामन पोड़ियाम के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। ज्ञात हो कि बीते 5 अगस्त को बीजापुर जिले के इलमिड़ी निवासी ग्रामीण प्रमोद ककेम नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईडी की चपेट में आने के कारण घायल हो गया, जिसे बेहतर उपचार के लिए बीजापुर जिला अस्पताल ▶▶|शेष पेज 12 पर

# नक्सलवाद अपने अंतिम पड़ाव पर है, आहूति के लिए सर्व समाज की सहभागिता जरूरी : गृहमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के संकल्पना अनुसार मार्च 2026 तक नक्सलवाद के समूल खात्मे के लिए राज्य सरकार के बेहतर रणनीति के बदौलत हमारे सुरक्षा बलों एवं पुलिस के जवानों द्वारा समूचे बस्तर संभाग में बेहतर कार्य करने लगातार सफल ऑपरेशन की बदौलत तथा आकर्षक आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के कारण बस्तर एवं बीजापुर में लगातार नक्सलवाद सिमट रहा है। नक्सलवाद अब अपने अंतिम पड़ाव पर है, उसके खात्मे के लिए अंतिम आहूति समाज के लिए सभी वर्गों का सहयोग और समर्पण जरूरी है। यह विचार उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा ने समाज के विभिन्न वर्गों को संबोधित करते हुऐ व्यक्त किए। गृहमंत्री श्री शर्मा अपने एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान जिला कार्यालय के सभाकक्ष में व्यापारी संगठन, खदान एवं सड़क निर्माण से जुड़े संगठन, सर्व आदिवासी समाज, जनजाति सुरक्षा मंच, वनवासी कल्याण समिति एवं विभिन्न बैंको के अधिकारियों की बैठक ली। ▶▶|शेष पेज 12 पर

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा नंदलाल मुड़ावी, सचिव छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास भीम सिंह, आयुक्त डोमन सिंह, आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, उप निदेशक इन्द्रावती टाईगर संदीप बल्गा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

श्रमिकों को भुगतान भी कराया गया

# आंध्रप्रदेश के ओंगोले में बंधक 39 श्रमिक मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के बास्तानार ब्लाक के ग्राम पालानार के 8 श्रमिकों को आंध्रप्रदेश में प्रकाशम जिला अंतर्गत ओंगोले में बंधक बनाए जाने की शिकायत जिला श्रम विभाग को मिली। शिकायत के आधार पर कलेक्टर हरीश एस ने बंधक श्रमिकों को मुक्त करने के लिए 3 सदस्यीय दल का गठन किया गया। दल में श्रम विभागबक राजस्व निरीक्षक पवन कुमार नेताम श्रम निरीक्षक, नितेश महंत, प्रधान आरक्षक अशोक देशमुख की टीम 2 अगस्त को आंध्रप्रदेश के लिए रवाना हुआ। दल ने 3 अगस्त को प्रकाशम जिला के कलेक्टर से



मुलाकात कर स्थानीय टीम की मदद से 4 अगस्त को बंधक श्रमिकों को मुक्त कराने कार्य स्थल पर पहुंचे।

नियोजक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 39 बंधक श्रमिकों को मुक्त कराया गया। एसडीएम ऑफिस ओंगोले में लाया गया,जिसमें बस्तर जिले के 13, दंतेवाड़ा के 8,कांकेर के 2,मलकानगिरी के 10, कोरापुट के 5 एवं नवरंगपुर का 1 श्रमिक कुल 39 श्रमिकों को प्रकाशम कलेक्टर द्वारा मुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समस्त 39 श्रमिकों को बस द्वारा लाकर 7 अगस्त को सकुशल उनके गृह ग्राम पहुंचाया गया। श्रमिकों को 1 माह से मजदूरी नहीं मिली थी। ▶▶|शेष पेज 12 पर

# रंग-बिरंगी राखियों से सजा बाजार, लुभा रहीं स्टोन की राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाई-बहनों के स्नेह एवं प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन शनिवार को है। रक्षाबंधन के दिन भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए बहनों शहर में राखियों के सजा दुकानों में सुबह से शाम तक जुटी हैं। बाजार में दुकानदारों ने राखियों और तोहफों से अपनी दुकानें सजा ली हैं। बाजार में इस बार भी महिलाओं और बच्चों के लिए इस बार कई तरह की राखियां आई है। जिसमें महिलाओं के लिए कड़े, लटकन, हाथों में सीधी बांधने वाली राखियां और बच्चों के लिए टेडी बियर और कार्टून की भी सुंदर राखियां आई है। शहर के गोलबाजार, संजय बाजार, चौकों में राखियों के स्टॉल लगे हैं। गोलबाजार के दुकानदार श्रीवास ने



बताया कि इस बार कई वेरायटी के राखियां आई है। बच्चों, बड़ों, भाभी, भैया सब के लिए अच्छी क्वालिटी की राखियां उपलब्ध है। बच्चों के लिए खासकर घड़ी और कार्टुन वाली राखियां आकर्षक लग रही हैं। बच्चों के लिए राखियां 20 रुपए से लेकर 50 रुपए में मिल रहा है। वहीं स्टोन वाली राखियां 50 रुपए, 100 रुपए, 150 रुपए और 200 वाली हैं, इसके आलावा बाजार में 5 रुपए से लेकर 250 रुपए तक की राखियां उपलब्ध है। महिलाएं सबसे ज्यादा 30-40 रुपए से 50 रुपए तक की राखियों को ज्यादा खरीद रही हैं। नगर के बाजार में इस समय कई तरह के डिजाइन वाली राखियां बिक रही हैं, इनमें रुद्राक्ष की राखी की अच्छी-खासी डिमांड है।

**दुकानों से 50 फीसदी तक घटी बिक्री:** नगर के गोल बाजार में राखी को लेकर दुकानों पर खरीददारी के लिए पखवाड़े भर पहले लोगों ▶▶|शेष पेज 12 पर

## स्टेशन के विभिन्न सेक्टरों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

# निर्माण कार्य में नहीं किया जाएगा समझौता: डीआरएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मारेंगा रेल साइडिंग का जायजा लेने मोटर ट्राली से पहुंचे

विशाखापटनम रेल मंडल के डीआरएम ललित बोहरा शुक्रवार को जगदलपुर रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्टेशन के निर्माणाधीन भवन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण अधिकारियों को दो टूक कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्य स्थल पर चारो तरफ घूम-घूमकर जायजा लिया। साथ भवन निर्माण में उपयोग किये जा रहे मटेरियल को हाथ से उठाकर परखा। मसलन निर्माण ने उपयोग किये जा रहे ईंट को उठाकर परखा। उन्होंने सीमेंट की क्वालिटी भी जांच की। डीआरएम के साथ निरीक्षण में सम्मिलित विशाखापटनम के



सीनियर डीईएन से जानकारी ली कि निर्माण सामग्रियों प्रॉपर लेब्रोटरी चेक किया जा रहा की नहीं। डीआरएम ने निर्माण सामग्रियों को विशाखापटनम तकनीकी लेब्रोटरी में जांच में भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के सभी कक्षो का निरीक्षण कर रेलवे स्टाफ को उनकी समस्याएं पूछी। वे रेलवे साइडिंग का अवलोकन करने के साथ वे मोटर ट्राली से मारेंगा साइडिंग पहुंचे। वहां निरीक्षण कर स्टेशन मास्टर से कार्य के विषय मे जानकारी ली।

**व्यापक निरीक्षण किया:** बोहरा ने सुरक्षा संवर्द्धन, यात्री ▶▶|शेष पेज 12 पर

### यात्री सुविधाओं को दी प्राथमिकता

डीआरएम ने यात्री सुविधाओं में सुधार,स्टेशन सुविधाओं,स्टाफ क्वार्टरों और माल ढुलाई संबंधी बुनियादी ढाँचे के और उन्नयन को प्राथमिकता दी। आरपीएफ बैरक और गुड्स शेड सहित प्रमुख स्थलों का भी निरीक्षण किया गया। बोहरा ने विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों से सीधे बातचीत की, उनकी चिंताओं का समाधान किया और प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव एकत्र किए। निरीक्षण में समय पर क्रियान्वयन और दीर्घकालिक रेलवे बुनियादी ढाँचा लक्ष्यों के साथ संरेखण सुनिश्चित करने के लिए चल रही कई विकास परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा शामिल थी।

# टावर कंपनियों को 84 लाख जमा करने के लिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम ने शहर में संचालित मोबाइल टावर कंपनियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 84 लाख से अधिक की बकाया राशि वसूलने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया है। निगम ने निर्देश दिए हैं कि समयसीमा में शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।जारी आंकड़ों के अनुसार इंडस टावर को 40 लाख 95 हजार का डिमांड दिया गया है। शहर में इंडस के 15 टावर स्थापित हैं। एटीसी कंपनी को 38 लाख का शुल्क जमा करने का निर्देश दिया गया है, जिसके 10 टावर हैं। एक प्राइवेट टेलीकॉम को 5 लाख 40 हजार का डिमांड थमाया गया है, उसके 18 टावर हैं। वहीं सरकारी को 21 टावर संचालित हैं, जिन पर भी जल्द शुल्क जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसएनएल टॉवर को 31.50 लाख का शुल्क डिमांड जारी किया गया था। बीएसएनएल द्वारा अब तक ▶▶|शेष पेज 12 पर

### शुल्क जमा होने तक नए टावर लगाने पर रोक

नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक शुल्क जमा नहीं होता, तब तक नए टावर लगाने पर रोक रहेगी। इस कार्रवाई को महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन, आयुक्त प्रवीण वर्मा के निर्देशन, तथा राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व में अंजाम दिया गया है। निगम के सब इंजीनियर दीपांशु देवांगन का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### प्रदीप श्रीवास्तव बने कोंडागांव जिला अध्यक्ष



**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय संगठन महासचिव से विचार–विमर्श के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, निवासी सरगीपाल पारा, कोंडागांव को जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। प्रदीप कुमार श्रीवास्तव वर्तमान में पशु चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत हैं और लंबे समय से समाज सेवा में सक्रिय हैं। वे सरल स्वभाव, मृदुभाषी और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। इनकी नियुक्ति पर संगठन के राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के कई पदाधिकारियों, संरक्षकों और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित कीं। संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास जताया कि वे समाज की एकजुटता और संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय योगदान देंगे।

### सूक्ष्म खाद्य उद्योग को मिलेगा बढ़ावा, कोण्डागांव में हुई जागरुकता कार्यशाला



**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत आज जनपद पंचायत कोण्डागांव के बिहान मिशन के सभाकक्ष में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना और इच्छुक लोगों को जरूरी मार्गदर्शन देना था। कार्यशाला में प्रतिभागियों को स्थानीय स्तर पर खाद्य उद्योग की स्थापना, निर्माण प्रक्रिया, लाभ और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में खासकर महिला स्व–सहायता समूहों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को योजना के तहत मिलने वाली ऋण सुविधा, प्रशिक्षण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और विपणन सहयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

*गुण्डाधुर कालेज में व्यास पूजा एवं एनएसएस समीक्षा बैठक*

# महान विभूतियों के पीछे उनके गुरुओं का रहा अमूल्य योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




व्यास पूर्णिमा के अवसर पर 10 जुलाई से 9 अगस्त तक व्यास पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर कालेज में जिला स्तरीय व्यास पूजा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम एवं रासेयो जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में हुआ। वक्ताओं ने गुरु–शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार की भावना को जागृत करना है। भगवान वेदव्यास के जीवन परिचय पर जानकारी देते हुए बताया गया कि उन्होंने चार वेद, 18 पुराण, उपनिषदों का संकलन तथा महाभारत की रचना की। डॉ. किरण नरूटी ने भारतीय संस्कृति में गुरु–शिष्य परंपरा की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। श्री कन्नौजे ने उदाहरण देकर बताया कि इतिहास के सभी महान विभूतियों के पीछे उनके गुरुओं का अमूल्य योगदान रहा है। कार्यक्रम का संचालन मोहन बोगा ने किया तथा आभार प्रदर्शन समलेश पोटाई ने किया। इस अवसर पर जिले के सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं वरिष्ठ–कनिष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित रहे। व्यास पूजा के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें बीते सत्र की गतिविधियों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, रक्तदान शिविर और जल संरक्षण रैली की समीक्षा की गई। आगामी सत्र के लिए पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल साक्षरता एवं ग्रामीण जागरूकता जैसे विषयों पर कार्य योजनाएं बनाई गईं। सभी कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार एवं माय भारत पोर्टल पर समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम की सफलता में स्वयंसेवक अंजू, डॉली, कशिश, खिलेंद्र, मूंजी, समीर सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

## जोंदरापदर के स्कूली बच्चों ने पेड़ को राखी बांधकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**कोण्डागांव।** जिले की प्राथमिक शाला जोंदरापदर में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बच्चों ने एक अनोखे तरीके से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधान पाठक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में, बच्चों ने पेड़ों को राखी बांधी और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर बच्चों ने वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके एक विशाल राखी तैयार की और उसे औषधीय महत्व वाले नीम के पेड़ पर बांधा। शिक्षकों ने बच्चों को इन औषधीय पौधों के लाभ और महत्व के बारे में समझाया। इसके साथ ही, बच्चों को रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाओं से भी अवगत कराया गया। बच्चों ने एक–दूसरे को भी राखी बांधकर खुशियाँ मनाईं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका सरिता शोरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पहल बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उन्हें अपनी परंपराओं से जोड़ने का एक अच्छा उदाहरण है।

## सीआरपीएफ के जवानों को स्कूली छात्राओं ने बांधी राखी

**कोण्डागांव।** आज 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ मुख्यालय, चिखलपुट्टी, कोण्डागांव के प्रांगण में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न स्कूलों की छात्राओं, शिक्षिकाओं और महिलाओं ने देश की सुरक्षा में तैनात जवानों को राखियां बांधी। इस मौके पर जवानों ने भी सभी बहनों की रक्षा का वचन दिया, जिससे भाई–बहन के इस पवित्र रिश्ते का सुखद एहसास हुआ। यह कार्यक्रम 188वीं वाहिनी के कमांडेंट भवेश चौधरी के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेंट जेवियर हायर सेकेंडरी स्कूल, ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र और डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल की छात्रओं और शिक्षिकाओं ने भाग लिया। उन्होंने जवानों की लंबी उम्र और सफलता की कामना की। कमांडेंट श्री चौधरी ने कहा कि रक्षाबंधन का पवित्र पर्व प्यार, सद्भावना और समाज को एक–दूसरे से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि जब जवान घर से दूर होते हैं, तो बहनों द्वारा बांधी गई राखी उनके मनोबल को बढ़ाती है और उन्हें तनाव मुक्त होकर अपने कर्तव्य निभाने में मदद करती है। उन्होंने इस पर्व को राष्ट्र निर्माण और एक स्वस्थ समाज के लिए एक मजबूत कड़ी बताया। इस अवसर पर 188वीं वाहिनी के अधिकारी नीतीन्द्र नाथ, अभिज्ञान कुमार, दीपक सिंह और चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चंद्रन सहित बड़ी संख्या में जवान, शिक्षक और छात्राएं उपस्थित थीं। अंत में कमांडेंट श्री चौधरी ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का धन्यवाद किया।



## जोन्दरा पदर में हुई पालक-शिक्षक बैठक

**कोण्डागांव।** प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर मै दिनांक सात अगस्त को प्राथमिक व माध्यमिक शाला जोन्दरा पदर की सँयुक्त पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्पांजलि के पश्चात बच्चों ने सुमधुर स्वर में वन्दना प्रस्तुत की ततपश्चात राज्य शासन द्वारा निर्धारित एजेंडा पर बिंदुवार चर्चा की गई प्रधान पाठक मधु तिवारी ने ई जादुई पिटारा, बच्चों के लिए पढ़ाई कोना बनाने पर जोर दिया। माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक मनोरण कश्यप ने नियमित स्कूल भेजने व स्वास्थ्य रक्षा पर जोर दिया। शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष ईश्वर शर्मा माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक मनोरमा कश्यप, गिरीश गोस्वामी, नोडल अधिकारी ममता मंडावी, सरिता शोरी ने एजेंडा पर विस्तार से चर्चा की। ततपश्चात एक पेड़ माँ के नाम पालको व बच्चों ने पौधा रोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में पालक गण सम्मलित हुए।



# 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर हुई भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कोंडागांव में 'हर घर तिरंगा' अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आगामी स्वतंत्रता दिवस 13 से 15 अगस्त के मद्देनज़र, प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने के लिए कार्य योजना और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तिरंगा यात्र कार्यक्रम की प्रदेश टोली के सदस्य एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा रहे।

उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोर तिरंगा, मोर अभिमान के तहत संचालित हर घर तिरंगा अभियान सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं बल्कि शौर्य, सम्मान और समर्पण की भावना का परिचायक है। यह अभियान हमें अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों की स्मृति दिलाता है और हर नागरिक को इससे जुड़कर राष्ट्रभक्ति को सशक्त बनाना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, मनोज जैन, प्रवीर बदेशा, गोपाल दीक्षित, नरपति पटेल, जसकेतु उसेंडी, प्रशांत पात्रा, तरुण साना, आकाश मेहता, दयाराम पटेल, भाजपा के सभी मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री, भाजपा के विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तिरंगा लहराना हमारी सांस्कृतिक संवैधानिक व नैतिक जिम्मेदारी भीः अरोरा

दीपेश अरोरा ने यह भी कहा कि तिरंगा लहराना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक, संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने–अपने मंडलों और बूथों के माध्यम से गांव–गांव, घर–घर जाकर लोगों को जागरूक करें और इस अभियान को जन–आंदोलन का रूप दें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे देश की आजादी अनगिनत वीर सपूतों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। यह तिरंगा उसी संघर्ष और समर्पण की अमिट निशानी है।

# पीएम आवास निर्माण की धीमी गति पर रोजगार सहायकों व सचिव को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आज जिला पंचायत में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने की। इसमें मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, आवास समन्वयक, तकनीकी सहायक और ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायक शामिल हुए। बैठक में मनरेगा के नियमों और जियो रेफरेंसिंग व एनएमएमएस ऐप के उपयोग पर चर्चा की गई। जिसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि 38 ग्राम पंचायतों में आवास निर्माण की प्रगति 10 प्रतियोगिता से भी कम है। इस पर संबंधित ग्राम रोजगार सहायकों और सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य में प्रगति लाने के सख्त निर्देश भी दिए गए हैं।

**हितग्राहियों को समय पर पक्के मकान उपलब्ध कराना –**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को समय पर पक्के मकान उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारी से काम पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि निर्माणधीन आवासों में मनरेगा के 90 मानव दिवस के लिए मजदूरी भुगतान के लिए मस्टर रोल जारी करने में देरी या लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पेज 11 के शेष

### सुबह आठ बजे से...

भाइयों से तथा बहनें भाइयों को राखी बांध सकेंगी। रक्षाबंधन के अवसर पर सेण्ट्रल जेल में प्रति वर्ष बस्तर संभाग के अलावा प्रदेश व पड़ोसी राज्य ओडिशा के अलग अलग स्थानों से भी बहनें पहुंचती हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था की गई है जेल स्टॉफ के अलावा अतिरिक्त बल की मांग भी की गई है।

**पूजा सामग्री व थाली की व्यवस्था**

रक्षाबधंन का पर्व मनाने जेल प्रशासन द्वारा पूर्व की तरह जेल के बाहर बेरिकेड्स व टेंट की व्यवस्था तथा जेल के अंदर टेंट व पूजा सामग्री के साथ थाली की व्यवस्था की जाती है। इस वर्ष भी जेल प्रशासन द्वारा इस तरह की व्यवस्था की गई है। रक्षाबंधन के लिए जेल प्रशासन द्वारा बहनों को परेशानी ना हो इसके लिए जेल के बाहर नाके पर जेल प्रहरियों द्वारा रक्षाबंधन के लिए आने वाले बहनों का पंजीकरण किया जाएगा ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। रक्षाबंधन के दौरान बहनें 2 सौ ग्राम सूखी मिठाई और राखी लेकर आ सकती है। पूजा सामग्री व थाली की व्यवस्था जेल प्रशासन द्वारा की गई है।

### उप मुख्यमंत्री ने...

से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रिफर किया गया है। वहीं बीजापुर जिले के बासागुड़ा ईलाके में गश्त के दौरान गत 29 जुलाई को अचानक भालू के हमले में घायल जवान बामन पोड़ियाम को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

**ये भी रहे मौजूद**

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचे उप मुख्यमंत्री शर्मा के साथ विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर संजय पाण्डे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा और जिला प्रशासन के अधिकारी एवं मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के चिकित्सक मौजूद थे।

### नक्सलवाद अपने ...

इस दौरान अंदरूनी क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी लाने सहित विकास में बाधा डालने वाले तत्वों के बारे में समीक्षा करते हुए कहा कि अब बीजापुर की जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता है । जिस गति से विकास कार्यों में जनमानस का सहयोग मिल रहा है। अब वह दिन दूर नहीं है, बीजापुर शांति, सुरक्षा, और विश्वास के साथ विकास की गति और समान्य क्षेत्रों के भांति सभी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार संभव हो सकेगा। बैठक में व्यापारी वर्ग, आदिवासी समाज सहित विभिन्न वर्गों ने जिले के विकास हेतु अपने-अपने सुझाव और समर्थन दिए।

### आंध्रप्रदेश के ओंगोले...

जिस पर कार्रवाई करते हुए तत्काल नियोजक से राशि 4,64,433 रुपए का भुगतान श्रमिकों को कराया गया।

### रंग-बिरंगी राखियों...

की भाड़ी भीड़ लगती थी। वहीं एक दुकानदार ने बताया कि लोग पहले दुकानों पर आकर राखियां खरीदा करते थे, लेकिन अब इसका चलन कम होता जा रहा है। लोग ऑनलाइन राखियां ही मंगवाना ही ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसलिए राखियों की डिमांड 50 फीसदी तक घट गई है, अब पहले जैसी बिक्री नहीं रही है।

**राखी व उपहार की खरीदारी भी ऑनलाइनः** भाइयों द्वारा बहनों के लिए उपहार की खरीदारी भी ऑनलाइन ही की जा रही है। रक्षाबंधन को लेकर राखियों की दुकानें सज गयी है, लेकिन पिछले सालों से अलग इस बार गांव-गांव से भी आनलाइन कंपनियां राखी और गिफ्ट पहुंचा रहे हैं। बदले ट्रेंड का बाजार में खासा असर दिख रहा है। तकनीक के दौर में रेशम की डोर भी अब डिजिटल हो चुकी है।

### निर्माण कार्य में नहीं...

सुविधाओं और अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पहलों सहित प्रमुख विकास कार्यों की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिविल इंजीनियरिंग,संचालन,विद्युत,सिग्नल एवं दूरसंचार, वाणिज्य और सुरक्षा विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, श्री बोहरा ने स्टेशन के परिचालन और अवसंरचनात्मक पहलुओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण में पार्सल कार्यालय, बुकिंग कार्यालय, क्रू लॉबी, प्रतीक्षालय, स्टेशन मास्टर पैनल कक्ष और पार्किंग क्षेत्र जैसी आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया गया, ताकि सर्वोत्तम संभव कार्यप्रणाली और सेवा गतिविधियाँ सुनिश्चित की जा सकें।

### टावर कंपनियों...

26.50 लाख जमा की जा चुकी है। शेष राशि की वसूली हेतु नोटिस भेजा गया है।






## खबर संक्षेप

### स्वच्छता दीदियों ने कबाड़ से बनाया सजावटी सामान



**बचेली।** बड़े बचेली में आज राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त निकायों को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता थीम अंतर्गत नगर में स्वच्छता कार्य कचरा एकत्रिकरण करने वाले स्वच्छता दीदियों के द्वारा नगर स्थित एसएलआरएम सेंटर में एकत्र किये गए सूखे कचरे से कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत जुगाड़ बनाया जाना था। नगर पालिका बड़े बचेली के स्वच्छता दीदियों द्वारा नगर में स्वच्छता से प्रेरित होने के लिए सेंटर में कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत सजावटी सामान, लाइट से सजावटी सामान, घर के सजावट के सामान का निर्माण किया एवं प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों द्वारा नगर को साफ रखने एवं नगर में कचरा अलग-अलग प्रदान करने हेतु नगर वासियों से अपील की।

### टीबी रोग को हराकर रंजिता वेट्टी हुई पूर्ण स्वस्थ

**सुकमा।** रंजिता वेट्टी पिता बुधरा 9 वर्षीय बालिका छिंदगढ़ विकासखंड के रानीबहाल पंचायत की निवासी हैं।



टीबी जैसी जानलेवा बीमारी से अपने पिता को खोने के बाद इस बीमारी से संक्रमित बेटी रंजिता वेट्टी ने जिला अस्पताल में अपना इलाज प्रारंभ कराया। इलाज के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की निगरानी में 6 माह तक दवा का नियमित सेवन किया। दवा के साथ साथ उन्हें हाई प्रोटीन डाइट भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रदान किया गया। जिसकी बदौलत उन्होंने टीबी जैसी जानलेवा बीमारी से निजात पाई। पहले उसका वजन 14 किलोग्राम था और पूर्ण स्वस्थ होने के उपरांत वजन बढ़कर 20 किलोग्राम हो गया है। अब वह नियमित रूप से स्कूल जाने लगी है। आज वह संपूर्ण रूप से स्वस्थ और निरोगी हो चुकी हैं।

### विहप व बजरंग दल के प्रदेश संयोजक का नगर में स्वागत



**धनेलीकन्हार।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का प्रदेश संयोजक शुभम नाग को नियुक्त किए जाने के पश्चात धनेलीकन्हार में प्रथम आगमन पर भाजपा मंडल धनेलीकन्हार द्वारा भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जनपद सदस्य पंचुराम नायक, मंडल महामंत्री देवेंद्र यदु, जनपद सदस्य नितेश सलाम, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोती राम नाग, कोषाध्यक्ष हेमलाल गढ़िया, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अंकित टावरी, सानू साहु, मंत्री किशन भुअर्या, रमेश साहू, व्यास साहु, कृष्ण साहू, किरण दर्रो, सरपंच मधु विजय व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# बच्चों के लिए खास तौर पर टैडी, छोटा भीम, डोरीमोन और लाइटिंग वाली राखियां बाजार में उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

■ 10 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की राखियां उपलब्ध

गीदम में रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर बाजारों में त्यौहारी रौनक दिखाई देने लगी है। व्यापारियों ने अपनी दुकानों को रंग-बिरंगी राखियों से सजाकर आकर्षक बना दिया है। हर साल की तरह इस बार भी बाजार में सस्ते से लेकर महंगी राखियां उपलब्ध हैं, जो भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को और खास बनाने के लिए तैयार हैं।

इस बार बाजार में 10 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की राखियां आसानी से उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए खास तौर पर टैडी, छोटा भीम, डोरीमोन और लाइटिंग वाली राखियां बाजार में आई हैं, जो उनकी उत्सुकता को बढ़ा रही हैं। वहीं, स्टोन वाली राखियों की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है।

इसके अलावा स्टाइलिश ब्रेसलेट, मोतियों वाली राखियां, मेटल राखियां और भैया-भाभी राखियां भी खूब बिक रही हैं। राखी खरीदने पहुंची बहनों ने बताया कि दूर शहर और गांव में रहने वाले भाईयों के लिए पहले ही राखियां खरीदकर भेज दी गई हैं, ताकि रक्षाबंधन के दिन समय पर भाईयों की कलाई पर राखी बांधी जा सके।



### मिठाई और नारियल की मांग में बढ़ोतरी

राखियों के साथ-साथ मिठाई और नारियल की दुकानों में भी पूछ-परख बढ़ गई है। बाजार में खासी भीड़ देखी जा रही है, और व्यापारियों को उम्मीद है कि रक्षाबंधन के दिन तक बिक्री में और तेजी आएगी। हालांकि, व्यापारियों का कहना है कि पहले के मुकाबले इस बार बाजार की रौनक थोड़ी कम है। आमतौर पर रक्षाबंधन के 10-15 दिन पहले ही बाजार गुलजार हो जाता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं दिख रहा। गीदम का बाजार इस त्योहारी माहौल में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और खास बनाने के लिए तैयार है।

## टीबी मरीजों को बांटे गए पोषण फूड बास्केट

# भैरमगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100 बिस्तर का सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर जांगला का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की

■ आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनेगा मॉडल हेल्थ सेंटर

स्थिति की समीक्षा की तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ को 100 बिस्तर का सौगात दिए।

निरीक्षण के दौरान सीजीएमएससी के चेयरमैन दीपक महस्के, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य विभाग प्रियंका शुक्ला, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे सहित वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में इलाज की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी नागरिकों को समय पर उचित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।



इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ में निक्षय मित्र₹ योजना के तहत टीबी मरीजों को पोषण युक्त फूड बास्केट वितरित कर समय पर नियमित रूप से दवाई सेवन करने की समझाइस दिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार सतत प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीजापुर के जांगला में प्रारंभ की गई आयुष्मान भारत योजना का लाभ अब पूरे देश में और सुदूर क्षेत्रों तक पहुँच रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने जांगला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया और जांगला के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को



आयुष्मान वय वंदना कार्ड का वितरण भी किया गया। उन्होंने जांगला आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एक मॉडल हेल्थ सेंटर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए तथा उसके भवन की मरम्मत के लिए आवश्यक स्वीकृति प्रदान की।

### मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सर्किट हाऊस बीजापुर में पुलिस बल के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# रक्षाबंधन पर विद्यार्थियों ने बांधी स्नेह की डोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह, संस्कार और स्नेह के वातावरण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम का प्रतीक पवित्र रक्षासूत्र बांधा तथा भाई-बहन के रिश्ते की पावनता को जीवंत किया।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने स्वयं अपने हाथों से सुंदर-सुंदर राखियां बनाईं। इन हस्तनिर्मित राखियों में बच्चों की सृजनात्मकता और भावनात्मक लगाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें कक्षा 7वीं की छात्राओं ने विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में जागृति बघेल, लावण्या कोर्राम और दीपिका बघेल सभी कक्षा 7वीं की छात्राएं, विजेता घोषित की गईं। विद्यालय परिवार की ओर से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उनके रचनात्मक प्रयासों की सराहना की गई। विद्यालय के शिक्षकों ने इस अवसर पर भाई-बहन के रिश्ते की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं भावनात्मक महत्ता को विद्यार्थियों के समक्ष रखा।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए उनमें प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना का संचार करना रहा।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

पूर्व माध्यमिक स्कूल एवं साउमावि परिसर में आज पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, पालकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करना रहा। बैठक में शिक्षकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और आगामी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पालकों को बच्चों के नियमित पढ़ाई और स्कूल उपस्थिति के महत्व पर बल दिया गया। कुछ पालकों ने स्कूल की मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय और भवन मरम्मत की आवश्यकता पर भी सुझाव दिए, जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रधानाध्यापक द्वारा शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। यह बैठक शिक्षकों और पालकों के बीच समन्वय एवं संवाद को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

ग्राम पंचायत के सरपंच दीया भद्रे पूर्व सरपंच डमरूधर बघेल, उप सरपंच यमुना तिवारी, मीडिया प्रभारी तुलसीराम ठाकुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाटलोहंगा के प्राचार्य दिलीप देवांगन, निलेश देवांगन, मोहम्मद साहिब, सोमेश कुमार कौशल, दर्सना जैन, शम्मी शाहजहां,शशि मरकाम, रोमांचल पांडे, रूपाली नेताम, अल्पना पाल, फुलसिंग बघेल, पालक और माताएं सहित पूर्व माध्यमिक साला एवं साउमावि घाटलोहंगा स्कूल के समस्त स्टाप जनप्रतिनिधि गण एवं ग्रामीण जन उपस्थिति थे।

# वनांचल शिक्षा सेवा प्रकल्प हीरानार पहुंचे उप मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम हिरानार में स्थित वंनाचल शिक्षा सेवा प्रकल्प संस्था में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आगमन हुआ। मूलतः सुदूर ग्रामीण अंचल के

■ शहीद गुण्डाधुर आवासीय छात्र परिसर एवं सरस्वती शिशु मंदिर का किया अवलोकन

निवासरत ग्रामीण आदिवासी समुदाय के छात्रों के सर्वांगीण शैक्षणिक व्यक्तित्व विकास का समर्पित उक्त शालेय संस्था में वर्तमान में 102 छात्र अध्यनरत है।

23 एकड़ में विस्तारित इस संस्था में यहां मुख्यतः अंत्योदय वनवासी परिवारों के बच्चों को आवासीय शिक्षा और संस्कार की मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान में एलकेजी से कक्षा 10वीं तक की पढ़ाई सुविधा यहां दी जा रही है। यहां संस्था की प्राचार्य अनिता सोरी ने बताया कि इस शिक्षा सत्र में तीन नक्सल प्रभावित छात्रों ने भी यहां प्रवेश लिया है। इस क्रम उपमुख्यमंत्री शर्मा ने शालेय परिसर का अवलोकन करते हुए यहां शैक्षणिक दृष्टि से



अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार की संभावनाओं पर अधिकारियों से चर्चा किया। उक्त संस्था के विभाग समन्वयक संगम लाल पाण्डेय ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि 1998 में प्रारंभ हुई इस संस्था का मुख्य उद्देश्य वनवासी बच्चों को मूलभूत शिक्षा और भोजन, आवास, के साथ-साथ संस्कार शिक्षा देकर एक जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा है। यहां सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय में आस पास के लगभग 22 गांव के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है। उन्होंने संस्थागत मांगों के तहत 200 बच्चों के क्षमता अनुरूप सभाकक्ष, संस्था के बाउंड्रीवाल में तार फेंसिंग,सैनिक स्कूल की स्थापना, छात्रावास मरम्मत, सौर पैनल के निर्माण जैसे विभिन्न मांगों से उपमुख्यमंत्री के सम्मुख रखा। इस पर शर्मा ने हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस क्रम उन्होंने शालेय परिसर में अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, डीएफओ सागर जाधव, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सरस्वती शिशु मंदिर हीरानार प्राचार्य मौजूद रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिंतागुफा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिंतलनार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगरगुंडा उप स्वास्थ्य केंद्र सिलगेर एवं उप स्वास्थ्य केंद्र कोण्डासावली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आधार बेस उपस्थिति नेक्स-जेन एवं आभा आईडी आधारित पंजीयन प्रसूता महिलाओं की सुविधाएं तथा स्वास्थ्य केंद्रों की आधारभूत स्थिति की समीक्षा की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल

यहां 10 कर्मचारियों का आधार बेस अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पा रहा था। जिनमें 4 मातृत्व अवकाश, 1 अर्जित अवकाश पर और 5 कर्मचारियों के मोबाइल में तकनीकी समस्या पाई गई। 02 प्रसूता महिलाएं भर्ती थीं जिनके पास आयुष्मान कार्ड एमसीपी कार्ड एवं राशन कार्ड नहीं था। आयुष्मान कार्ड मंगवाकर ब्लॉकिंग करने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिंतागुफा में 2 प्रसूता महिलाएं भर्ती थीं, जिनमें से एक ने जुड़वा बच्चियों को जन्म दिया। दोनों महिलाओं के पास आयुष्मान एवं राशन कार्ड नहीं था, जिस पर कार्ड मंगवाकर ब्लॉकिंग करने निर्देश दिए गए। सभी कर्मचारियों को प्रतिदिन आधार बेस उपस्थिति एवं नेक्स-जेन, आभा आईडी से ओपीडी पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिंटलनार में

कर्मचारियों को प्रतिदिन आधार बेस उपस्थिति दर्ज करने और नेक्स-जेन, आभा आईडी से पंजीकरण करने निर्देशित किया गया। यहां शासकीय आवास की सुविधा न होने से सभी कर्मचारी 1 किमी दूर बस्ती में रहते हैं, जिससे रात में मरीजों और स्टाफ को असुविधा होती है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगरगुंडा में स्वयं का भवन नहीं होने के कारण केंद्र का संचालन 5-बेड प्रीबर्थ वेटिंग हॉल में किया जा रहा है। आवास की कमी से एक आवास में 3-3 कर्मचारी रहते हैं।

# 90 पशु हुए मुक्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

■ 15 दिनों में तीसरी बड़ी कार्रवाई

■ सीमावर्ती जंगलों से हो रही थी मवेशियों की तस्करी

बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय पशु तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 90 पशुओं को तस्करी से मुक्त कराया है। तारलागुड़ा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोत्तूर के जंगल मार्ग में घेराबंदी कर यह सफलता हासिल की। इस दौरान तेलंगाना के 2 तस्कर मौके से गिरफ्तार किए गए, जो मवेशियों को गैरकानूनी रूप से जंगल के रास्ते तेलंगाना ले जा रहे थे। तस्करों की पहचान सुरेश हटकर 27 वर्ष और स्वामी हटकर 60 वर्ष निवासी रेड्डीपल्ली, थाना महामुत्ताराम जिला भूपालपल्ली तेलंगाना के रूप में हुई है। पकड़े गए मवेशियों में गाय, बैल और भैंसें शामिल हैं, जिन्हें तस्करी कर ले जाया जा रहा था। तारलागुड़ा पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम केसईगुड़ा, वंगापल्ली, अन्नाराम व कोत्तूर के जंगल मार्ग से मवेशियों की तस्करी की जा रही है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कोत्तूर बाजार के पास घेराबंदी कर तस्करों को धर दबोचा



### पंचायत की सुपुर्दगी में सौंपे गए मवेशी

तस्करी से मुक्त कराए गए सभी पशुओं को ग्राम पंचायत तारलागुड़ा के सरपंच और सचिव की उपस्थिति में सुपुर्द किया गया है, ताकि उन्हें सुरक्षित रखा जा सके। वहीं, आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में रिमांड पर पेश किया गया।




### एक माह में तीसरी बड़ी कार्रवाई 189 पशु तस्करी से मुक्त

बीजापुर पुलिस ने पिछले एक महीने में पशु तस्करों पर लगातार शिकंजा कसते हुए तीन बड़ी कार्रवाइयाँ की हैं। थाना मद्देड़ में 21 जुलाई को 7 तस्कर गिरफ्तार, 83 मवेशी जब्त किए, थाना तारलागुड़ा 22 जुलाई 3 तस्कर गिरफ्तार, 16 पशु जब्त किए 5 अगस्त को 2 तस्कर गिरफ्तार, 90 मवेशी मुक्त किए गए है।

# किसानों की समस्या पर चर्चा

**बस्तर।** भारतीय किसान संघ छग प्रदेश जिला बस्तर के तहसील बस्तर एवं बकावंड का तहसील स्तरीय कार्यकारिणी सदस्यों का बैठक किया गया। जिसमें किसानों को होने वाली विभिन्न समास्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा कर जानकारी उपलब्ध कराई गई। बस्तर में कृषि विस्तार अधिकारी को जानकारी देने किसान संघ के पदाधिकारी कृषि कार्यालय बस्तर में पहुंचे तो साफ शब्दों में मिलने से मना कर दिया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष नील कुमार



बघेल, कोषाध्यक्ष नन्द किशोर पाण्डेय, पर्यावरण संरक्षण प्रमुख रमेश ठाकुर, बस्तर तहसील अध्यक्ष चुन्नू लाल ठाकुर, मंत्री सुलधर मौर्य, युवा प्रमुख शंकर मौर्य, सहकारिता प्रमुख मधुसूदन सहित तहसील स्तरीय कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। बकावंड का तहसील स्तरीय कार्यकारिणी सदस्यों का बैठक आहूत किया गया था जिसमें किसानों को होने वाली विभिन्न समास्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर जानकारी उपलब्ध कराई गई, कृषि क्षेत्र में किसानों के बीच रचनात्मक संगठनात्मक संरचना विकास हेतु उचित संचार माध्यम से पहुंचे। इस दौरान जिला विद्युत प्रमुख नरेंद्र सेठिया, तहसील अध्यक्ष श्याम सुन्दर बघेल, मंत्री फाल्गुनी पटेल, उपाध्यक्ष दीनानाथ कश्यप, दीपक बिसाई, तुफान सिन्हा सहित सभी भारतीय किसान संघ एवं बकावंड के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।


समक्षः- श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी कोण्टा, जिला- सुकमा छ.ग.

:: शपथ-पत्र ::

मै देवलाल नेताम पिता-श्री. मनराखन नेताम आयु 58वर्ष, निवासी- एर्राबोर, पोस्ट-एर्राबोर तहसील - कोण्टा, जिला-सुकमा, छ.ग. पिनकोड़ नं- 494114, शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन अभिव्यक्त करता हूँ किः-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा नाम एंव उपनाम देव लाल नेताम, पिता- श्री मनराखन नेताम रहा है, जो कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं अभिलेखों में अकिंतानुसार सत्य एवं सही है।
3. यह कि त्रुटिवश मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम मनराखन निताम अंकित कर दिया गया है। मेरा आधार.न.-8766 0118 0883 है।
4. यह कि मेरा नाम एवं उपनाम मेरे उपनामानुसार, देव लाल नेताम पिता- श्री मनराखन नेताम ये नाम मेरा पिता का ही नाम है। किसी अन्य का नाम नही है।
5.यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरे उपनामानुसार मनराखन निताम के स्थान पर मनराखन नेताम सुधार कर अंकित कराना चाहता हूँ।
6. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में पिता का सरनेम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ-पत्र बनाया गया है।

शपथकर्ता

सत्यापन

उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ-पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है। सत्यापन आज दिनांक 08.08.2025 को स्थान- कोण्टा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

देवलाल
शपथकर्ता



न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 505/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश भारती पिता स्व. सुकचंद भारती जाति भतरा ग्राम करपावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादा स्व. लखमू भारती निवासी करपावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के दादा स्व. लखमू भारती पिता स्व. सोनाधर ग्राम करपावंड का दिनांक 13/07/2013 को मृत्यु हुई है। आवेदक दिनेश भारती पिता स्व. सुकचंद भारती जाति भतरा ग्राम करपावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादा स्व. लखमू भारती मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 18/08/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

# स्वच्छता जागरूकता अभियान को संजय बाजार में मिला समर्थन



## महापौर ने दुकानदारों से शहर को स्वच्छ बनाने मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम के स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र संजय बाजार में डोर-टू-डोर संपर्क किया गया। इस अभियान में महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, वार्डवासी और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान दुकानों में जाकर पाम्पलेट वितरित किए और व्यापारियों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक रखने की अपील की गई। नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि यदि किसी भी वार्ड में कचरा वाहन नहीं पहुँच रहा है तो वार्ड पार्षद को तत्काल सूचित करें या टोल फ्री नंबर 1100 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इस दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही, संग्राम सिंह राणा, कलावती कसेर, पार्षदगण रोशन सिसोदिया, आशा साहू, उर्मिला यादव, पारुल बोथरा, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर रामनरेश पांडे, विधु शेखर झा, एचवाय कुकड़े, जी.पी. यादव, संतोष कुमार नाग, राजपाल कसेर, रंजीता पाणिग्रही, हेमंत श्रीवास, योगेश, महेंद्र दीपक मौजूद रहे।

## कल से आरंभ होगा हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान

# हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र भक्ति का उत्सव : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वाधीनता दिवस के अवसर पर मोर तिरंगा मोर अभिमान हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान 10 अगस्त से आरंभ होगा। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता आमजनों को जोड़ कर शहर से लेकर गांव तक तिरंगा यात्रा निकालेंगे और घर घर में तिरंगा लगाने लोगों को प्रेरित करेंगे। प्रत्येक बूथ में 50 घरों में तिरंगा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आज शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव शामिल हुये। देव ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र भक्ति का उत्सव है। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता कर्मठता के साथ अपना संपूर्ण योगदान सुनिश्चित करें।

उन्होंने कार्यकतार्ओं को मार्गदर्शन देते हुये कहा कि राष्ट्र सबसे पहले है और यही भारतीय जनता पार्टी का ध्येय वाक्य है। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र भक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करता है। राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत इस अभियान में सभी कार्यकर्ता सहभागिता निभायें और आमजनों को भी इस पुनीत अभियान में जोड़े, उन्हें प्रेरित करें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सतीश लाटिया ने कहा कि भाजपा के इस अभियान में बूथवार पचास घरों में तिरंगा लगाने का दायित्व कार्यकर्ता निभायेंगे। ध्यान रखना है कि घर घर में तिरंगा ससम्मान लगाया जाये। तिरंगा यात्रा भी शहर से लेकर गांव गांव तक आयोजित होगी। जिसकी रुपरेखा तैयार कर 10 अगस्त से हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान का उत्साह के संग आरंभ करें। संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव व आभार प्रदर्शन तिरंगा यात्रा अभियान संयोजक रुप सिंह मण्डावी ने किया।




**कार्यशाला में ये रहे मौजूद**

कार्यशाला में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, सुधीर पाण्डेय, विद्या शरण तिवारी, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,योगेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, आनंद मोहन मिश्रा,सफीरा साहू, अविनाश श्रीवास्तव,प्रकाश झा, पुरूषोत्तम जोशी, तरूण पाण्डेय, प्रवीण सांखला, सुखदेव मण्डावी, पीताम्बर कश्यप,महेंद्र सेठिया, हरी राम मण्डावी,मंगतु कश्यप, सुनील कुहरामी, देवी प्रसाद बेंजाम,सोमारू कश्यप, अश्विन सरडे, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, सुरेश गुप्ता,अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर, शशि नाथ पाठक,सुधा मिश्रा, दशरथ गुप्ता, योगेश शुक्ला, गोदावरी साहू, आशा साहू, ललिता बघेल,निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रंधारी,राणा घोष, लक्ष्मण झा, बी जयराम,नरेन्द्र पाणिग्रही, प्रकाश रावल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल रहे।

# पर्यावरण को बचाना हम सभी का कर्तव्य : किरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- एक पेड़ मां के नाम के तहत विधायक और महापौर ने लगाए पौधे
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में किया गया पौधरोपण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव तथा महापौर संजय पांडे ने पौधरोपण किया। किरण देव ने कोडिया इंडियन चेरी के पौधे का रोपण किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम सभी को मिलकर पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन करना अतिआवश्यक है। पर्यावरण को संतुलित करने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। सभी एक पेड़ अवश्य लगाये साथ ही उस पेड़ की रक्षा करे । विश्व आज ग्लोबल वार्मिंग का दंश झेल रहा है। जिसके लिए हम सभी को पर्यावरण को संतुलित रखना है । जिसके लिए हमें पौधे लगाना आवश्यक है। हमारे जीवन में पर्यावरण का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे,वार्ड पार्षद सुरेश गुप्ता, एम आईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, योगेन्द्र पांडे,लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, कलावती कसेर, पूर्व जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, विद्याशरण तिवारी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, महेन्द्र सेठिया, रोहित, योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, विवेक झा, गोविंद ईनाणी, राजपाल कसेर,शेखर साव,मनीष निषाद, सुनील जैन, पृथ्वी सिंह, दिलीप सुंदरानी व वार्डवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### किसानों को मिलेगी प्रसंस्करण मशीनों के लिए अनुदान सहायता

**जगदलपुर।** भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन मसाला बोर्ड द्वारा मसालों के मूल्य संवर्धन और प्राथमिक प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए किसानों और किसान आधारित संगठनों यथा कृषक उत्पादक संगठन, कृषक सहकारी समितियों को प्रसंस्करण मशीनों हेतु महत्वपूर्ण सब्सिडी सहायता प्रदान किया जा रहा है। क्षेत्रीय अधिकारी मसाला बोर्ड ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त योजनांतर्गत हल्दी बॉयलर, हल्दी पॉलिशर, अदरक धोने की मशीन, अदरक स्लाइसर, इमली छिलने की मशीन, इमली बीज निकालने की मशीन एवं केंचुआ खाद इकाइयों के क्रय हेतु अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तिगत किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान सहायता दी जाती है। इसी तरह तिरपाल शीट, नमी मीटर एवं सुखाने का प्लेटफॉर्म बनाने के लिए किसान उत्पादक संगठनों और प्राथमिक कृषक सहकारी समितियों को 90 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है।

### सर्वसम्मति से सेक्टर अध्यक्ष बने प्रकाश राव



**जगदलपुर।** शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य एवं नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया व आड़ावाल मंडल के प्रभारी अगेना राव, मंडल अध्यक्ष प्रणयसील व कार्यकतार्ओं की उपस्थिति में आड़ावाल के सामुदायिक भवन में संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण को लेकर बैठक हुई। सर्वसम्मति से सेक्टर अध्यक्ष हेतु प्रकाश राव को नियुक्त किया गया। इस दौरान वरिष्ट कार्यकर्ता एल मोहन राव, विजय सिंह,महेश राव नायडू ,कृपाल सिंह ,बोजरा, हेमंत कश्यप, संतोष पटेल, नागेश पटनायक, ज्योति राम, जय सींग गोयल, राजेश्वर राव, विकास राव नीतेश जोशी, महेंद्र नागवंशी, विजय भारती समलू दुलबों सिंह, गुप्तेश्वर, राजू राव ब्लॉक अध्यक्ष एडविन मार्क उपस्थित रहे ।

### विधायक से मिलकर लोगों ने बताई समस्या



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भाजपा कार्यालय में आज विधानसभा क्षेत्र के लोगों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए । उन्होंने समस्याओं का निराकरण करने विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर समाधान करने के निर्देश दिए। सड़क , नाली , देवगुड़ी का नवनिर्माण,राजस्व संबंधी प्रकरण, विद्युत व अन्य समस्याओं से अवगत हुए । जनता को किसी तरह की समस्या व परेशानी ना हो उस संबंध में कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है जिसके लिए प्रयास किया जा रहा है। हमारी सरकार में क्षेत्र का चौमुखी विकास हो रहे हैं। हम प्राथमिकता के साथ जनता के बीच रहकर उनकी समस्या का समाधान कर रहे हैं।

# गौ तस्करी करते 4 आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पिकअप वाहन में गौ वंश समेत आरोपियों को पकड़ा गया

बजरंग दल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी एवं गौ रक्षा प्रमुख विष्णु ठाकुर सहित लगभग 10-12 बजरंग दल कार्यकर्ता पदाधिकारी को ग्राम पोडागुड़ा में गौ तस्करी की सूचना मिली। जिसके उपरांत बजरंग दल के कार्यकर्ता पोडागुड़ा पहुंचे जहाँ पर उन्होंने पिकअप वाहन में गायों को भरते कुछ लोग दिखाई दिए। बजरंग दल के लोगों को देखकर वहां मौजूद लोगों ने गायों को वहाँ से भगा दिया और खुद भी फरार हो गये। आरोपी बड़ी संख्या में गाय की तस्करी करने वाले थे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की मुस्तैदी दिखाते हुये एक पिकअप वाहन में दो गौ वंश समेत तस्करी कर रहे 4 आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। सभी आरोपियों को परपा थाना लेकर पहुंचे जहाँ गौ तस्करी करने वाले लोगों ने हंगामा किया। मामला बिगड़ते देख केशलूर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी परपा थाने पहुंचे और बजरंग दल के लोगों को आश्वासन दिया कि गौ तस्करी पर जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परपा पुलिस ने चार आरोपियों दिलीप नेताम, नरसिंह नेताम, धनेश्वर गोयल और सुन्दर सिंह नेताम पर पशु क्रूरता सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस दौरान विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी, जिला गौ रक्षा प्रमुख विष्णु ठाकुर, जिला सह मंत्री होमेश राठौड़, घनश्याम नाग,जिला सह संयोजक सनी रैली, नगर अध्यक्ष पवन राजपूत, नगर संयोजक भवानी सिंह चौहान, नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, सह विधार्थी प्रमुख पवन राजा, नगर सुरक्षा प्रमुख शुभम ठाकुर, नगर गौ रक्षा प्रमुख रवि नेताम, नगर सह गौ रक्षा प्रमुख सुदेश, नगर अखाड़ा प्रमुख शत्रुघ्न कश्यप, रोहित झा,लोचन सुंदर, तमिश नायडू, अभिषेक साहू, अमन धीवर एवं सैकड़ों कि संख्या में बजरंगी आधी रात तक परपा थाना में डटे रहे।

# 1600 सदस्य बनाने पर हुआ भरत का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- गढ़िया पंचायत को आर्दश और विकसित बनाना मेरा संकल्प




चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत गढ़िया के युवा सरपंच भरत कश्यप का आज भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सम्मान किया। भरत को यह सम्मान 1600 सदस्य बनाने के लिए किया गया। सदस्यता दीप सम्मान पाकर भरत ने हरिभूमि कार्यालय में चर्चा के दौरान बताया कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का मैं एक सामान्य कार्यकर्ता हूं , यह मेरे लिए गर्व की बात है। इस पार्टी से जुड़कर छोटा सा कार्यकर्ता भी बड़ा पद पा सकता है। इसके सैकडों उदाहरण है। ईमानदारी और समर्पण भाव से पार्टी के लिए काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा हमारे संवेदरशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उर्जावान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में भाजपा निरंतर ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है। वहीं सबसे गरीब और वंचित लोगों तक पहुंचकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना यह पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। यहीं कारण है कि समाज के सबसे अंतिम पंक्ति पर खड़ा व्यक्ति और सभी वर्ग के लोग भाजपा से जुड़कर राष्ट्रहित और जनहित के महाअभियान में सहभागी बन रहे है। भरत कश्यप ने कहा कि ग्राम पंचायत गढ़िया जो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का गृह क्षेत्र है वहां का मैं सरपंच बना हूं। इसमें गांव के हर व्यक्ति का साथ मुझे मिला इसलिए मेरा प्रयास यह है कि गढ़िया को आर्दश और विकसित ग्राम पंचायत बनाकर यहां के लोगों का विकास कर सकूं । इसमें मुझे सांसद विधायक और पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का साथ मिल रहा है।

# योगेश हेड बॉय तथा प्रियांशी बनी हेड गर्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सक्सेस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन




सक्सेस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में आज अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में भूतपूर्व सैनिकों को आमंत्रित किया गया था उनके हाथों हेड बॉय ,हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, क्लास कैप्टन, सभी को बैच प्रदान किया गया तथा फीता पहनाया गया। हेड बॉय के रूप में योगेश राठौर तथा हेड गर्ल के रूप में प्रियांशी ठाकुर को पद का शपथ ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भूतपूर्व सैनिक ईसी जॉनसन, विजय झा, अर्जुन पांडे, काशीराम बघेल, अजय कुमार शुक्ला, सूर्य प्रकाश शुक्ला, सुभाष जॉन, तथा अशोक श्रीवास उपस्थित हुए। कार्यक्रम का समापन भारत माता के जयकारा के साथ हुआ।

### रात के अंधेरे में धरमपुरा मार्ग चौड़ीकरण के नाम से पेड़ो की कटाई



**जगदलपुर।** धरमपुरा मार्ग में सड़क चौड़ीकरण के नाम से विभाग के ही मैदानी अमले ठेकेदार को उपकृत करने तीन दिन पहले रात के अंधेरे में खड़े पेड़ो की कटाई की है। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोर्य ने बताया 2021 को प्रदेश में जब हमारी सरकार थी,उस दौरान पेड़ो को कटाई किये बिना शिफ्टिंग करने का काम किया था, 5 साल बाद भी वही वृक्ष आज शान से खड़े है। मोर्य ने भाजपा सरकार को निशाने में लेते कहा कि बस्तर सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक के साथ महापौर का इस मामले में मौन साधना वृक्षो की कटाई का सर्मथन करना है। ट्री-मेन संपत झा के नेतृत्व में इन्द्रावती बचाओ आंदोलन से जुड़े पर्यावरण प्रेमियों के विरोध के बाद कटाई रोक दिया गया। वन विभाग ने पेड़ो को कटाई किये बैगर ही विशेष तकनीक अपनाकर भारी मशीन के मदद से इन वृक्षो को जड़ समेत उखाड़ दूसरे स्थल पर शिफ्टिंग किया था, आज वे सभी वृक्ष जिंदा और सुरक्षित है। यह खड़े पेड़ 2021 में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर कटने वाले थे,पर्यावरण प्रेमियों के विरोध के बाद तत्कालीन प्रशासन द्वारा पेड़ो की कटाई आदेश के बदले पेड़ो को शिफ्टिंग के आदेश हुए थे।

# उप मुख्यमंत्री ने महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों से की मुलाकात और महतारी सदन का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर






उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने बस्तर प्रवास के दौरान शुक्रवार को बीजापुर जिले के लिए रवानगी के दौरान बस्तर जिले के तोकापाल अंतर्गत ग्राम सोसनपाल में महिला स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे मुर्गीपालन गतिविधि का अवलोकन किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री शर्मा ने उक्त महिला समूह से चर्चा कर उनके उत्पादक एवं व्यावसायिक गतिविधि, आय-व्यय के संबंध में जानकारी ली और समूह के सकारात्मक प्रयास की सराहना भी किया। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत परपा में नए महतारी सदन भवन का अवलोकन कर उक्त भवन का सदुपयोग महिला समूहों की बैठक, महिला जागरूकता कार्यक्रम इत्यादि सामूहिक प्रयोजन संबंधी कार्यों के लिए किए जाने की समझाईश पंचायत पदाधिकारियों एवं महिला समूहों को दी। साथ ही उक्त भवन का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने कहा।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने महतारी सदन में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शर्मा के साथ विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर संजय पाण्डे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

